वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषकः–

परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

पत्रांकः 1853/परीक्षा/2022

दिनांक : 30.7.2022

सेवा में,

प्राचार्य,
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
गाजीपुर।

विषय– परीक्षा शुल्क के विरोध में पी0जी0 कालेज, गाजीपुर पर चल रहे छात्रों के धरना के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं के ई0मेल पत्र दिनांक 25.07.2022 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा स्नातक पाठ्यक्रम के द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म में लिए गए अतिरिक्त शुल्क रु0 500/– वापस करने की मांग की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्नातक द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बिना विलम्ब शुल्क के तीन बार क्रमशः दिनांक 17.05.2022 से 26.05.2022 तक, दिनांक 27.05.2022 से 02.06.2022 तक तथा दिनांक 05.06.2022 से 08.06.2022 तक तिथियॉ निर्धारित की गयी थी, तत्पश्चात् विलम्ब शुल्क सहित दिनांक 26.06.2022 से 28.06.2022 तक तिथि निर्धारित थीं। छात्रों को बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा फार्म भरने हेतु पर्याप्त अवसर/अवधि प्रदान की गयी है।

परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 17.05.2022 से 08.06.2022 तक अधिकांश छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म भर दिया गया था। उनसे किसी प्रकार का विलम्ब शुल्क नहीं लिया गया है। कतिपय छात्र जिनके द्वारा विलम्ब शुल्क के साथ निर्धारित तिथियों में परीक्षा फार्म भरा गया, उनसे ही विलम्ब शुल्क लिया गया है। छात्रों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया गया है।

कृपया छात्रों को उक्त वस्तुस्थिति से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर।
2 जिलाधिकारी, जनपद, गाजीपुर।
3 पुलिस अधीक्षक, जनपद, गाजीपुर।
4 वित्त अधिकारी जी।
5 कुलसचिव जी।
6 निजी सचिव कुलपति, मा0कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
7 सम्पादक.. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
8 प्रभारी, एम0आई0एस0 प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर आज ही अपलोड करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव
(परीक्षा)